Regarding development of ESI Hospital in Bhilwara into a Model Hospital

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): सभापति जी, मैं भीलवाड़ा क्षेत्र की एक बड़ी समस्या के बारे में आपके माध्यम से माननीय मंत्री को अवगत कराना चाहता हूं। भीलवाड़ा में काफी बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है और वहां ईएसआईसी लागू है। वहां एक लाख से ज्यादा कर्मचारी मासिक अंशदान करते हैं और यदि उनके परिवार के सदस्य मिला लें तो कुल पांच लाख लाभार्थी ईएसआईसी द्वारा स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करते हैं। सबसे बड़ी दुख की बात है कि वहां ईएसआईसी राज्य सरकार द्वारा संचालित है और बेड्स की संख्या तो ज्यादा है लेकिन वहां डाक्टर्स और स्पेशलिस्ट्स के बहुत ज्यादा पद रिक्त हैं। मेरा आपके माध्यम से यही निवेदन है कि सरकार इसे आदर्श अस्पताल घोषित करके ईएसआईसी स्वयं के अंडर ले और स्वयं संचालित करे, ताकि वहां काम करने वाले श्रमिकों और उनके परिवारजनों को चिकित्सा का पूरा लाभ मिल सके।